2023

(May/June)

HINDI

(Modern Indian Language)

(हिन्दी साहित्य)

(HIN–MIL)

Marks : 75

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3=15

(क) पात-भरी सहरी सकल सुत बारे-बारे,
केवट की जाति, कुछ बेद न पढ़ाइहौं।
सब परिवार मेरो याहि लागि राजा जू,
हौं दीन बित्तहीन, कैसे दूसरी गढ़ाइहौं।

(ख) सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त प्रवाह हो,
गुण, शील, साहस, बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।
सबके हृदय में सर्वदा समवेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो॥

(ग) दिवसावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह सन्ध्या-सुन्दरी परी-सी
धीरे धीरे धीरे

(घ) अमेरिका में किस तरह राज्य-व्यवस्था है, और आठवें हेनरी ने कितने ब्याह किए, और आकाश में कितने नक्षत्र हैं—ये सब बातें चाहे उन्हें न मालूम हों; लेकिन हजारों ऐसी बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है।

(ङ) तीस करोड़ के इस देश में आज तीस भी हँसने वाले नहीं हैं। इसका कारण केवल आर्थिक नहीं, नैतिक भी है, आर्थिक होता तो कम-से-कम मिल-मशीनवाले पूँजीपति और चोर बाजार वाले तो हँसते? उनकी तिजोरियाँ भरी पड़ी हैं। पर मन खाली है।

2. हिन्दी गद्य के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

द्विवेदीयुगीन काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

3. कबीरदास की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 15

अथवा

'जनतंत्र का जन्म' कविता में निहित मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।

4. 'समय पर मिलने वाले' शीर्षक निबंध का प्रतिपाद्य लिखिए। 15

अथवा

'शरत् की कथा-यात्रा' के कथ्य का मूल्यांकन कीजिए।

5. एकांकी कला के आधार पर 'चंपक' एकांकी की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

'तौलिये' एकांकी के आधार पर मधु का चरित्र-चित्रण कीजिए।

★★★